हरिभूमि
# कांकेर भूमि
रायपुर, शुक्रवार 10 जुलाई 2026


तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री


14 बिरनपुर स्कूल की मेधावी छात्रों का सम्मान व बांटीं सायकिलें...


14 विधायक के जन्मोत्सव पर कांग्रेसजनों ने मरीजों का...




हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
सामान्य कूपन
10 जुलाई 2026
कूपन नं.
7

B.M. COLLEGE
BCA BBA
PGDCA B.Ed.
आई.टी.आई.
कोपा इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
9340311314, 9300850065
9303898329, 9098849923


# मोबाइल गेम की लत के कारण हुआ विवाद, फिर युवकों ने किया जानलेवा हमला

*मोबाइल गेम की बढ़ती लत अब केवल समय की बर्बादी तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि यह पारिवारिक रिश्तों और सामाजिक सौहार्द को भी तोड़ने लगी है। पखांजुर थाना क्षेत्र में पबजी खेलने से रोकने की एक सामान्य समझाइश देखते ही देखते खूनी संघर्ष में बदल गई। देर रात मोबाइल गेम छोड़ने की नसीहत से नाराज युवकों ने दो लोगों पर हमला कर दिया, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। यह घटना एक बार फिर सवाल खड़ा करती है कि आखिर मनोरंजन के लिए बनाया गया मोबाइल गेम कब हिंसा और अपराध का कारण बन गया।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

इस मामले में पुलिस की माने तो पीव्ही 117 राजेन्द्रनगर निवासी संजीव विश्वास ने थाना पखांजुर में लिखित शिकायत करते हुए बताया कि दर्ज 8 जुलाई की रात करीब 9 बजे उनके बड़े भाई रसमय विश्वास और गांव के गोविंद मंडल, रसमय विश्वास के पुत्र देव विश्वास की तलाश करते हुए गांव पीव्ही12 स्थित गोठान पहुंचे, वहां देव विश्वास और रोहित विश्वास मोबाइल पर पबजी खेल रहे थे। रसमय विश्वास ने दोनों युवकों को देर रात तक मोबाइल पर गेम खेलने से मना करते हुए घर जाने और आराम करने की समझाइश दी, लेकिन यह सलाह आरोपियों को नागवार गुजरी। शिकायत के अनुसार इसी बात पर रोहित विश्वास और बंटी विश्वास आक्रोशित हो गए।

दोनों ने पहले गाली-गलौज की और फिर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ-मुक्कों एवं किसी कठोर वस्तु से रसमय विश्वास और गोविंद मंडल पर हमला कर दिया। शिकायत के आधार पर पखांजुर पुलिस ने आरोपी रोहित विश्वास और बंटी विश्वास के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 115(2), 296, 3(5) और 351(2) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

## यह केवल अपराधिक नहीं, समाज के लिए है गंभीर चेतावनी

पबजी खेलने से रोकना पड़ा भारी



अलग खबर

*देर रात गेम खेलने से टोकने पर भड़के युवकों ने दो लोगों पर किया जानलेवा हमला*

### समाज के लिए गंभीर चेतावनी

*यह घटना केवल एक आपराधिक मामला नहीं, बल्कि समाज के लिए एक गंभीर चेतावनी भी है। मोबाइल गेम की लत यदि संयम और जिम्मेदारी के साथ नियंत्रित न की जाए तो यह पारिवारिक रिश्तों में तनाव, आक्रोश और हिंसा जैसी घटनाओं को जन्म दे सकती है।*

### सुझाव देने पर कर दिया औचक हमला

*सुझाव देने वाले रसमय विश्वास के सिर पर गंभीर चोट आई और काफी खून बहने लगा, वहीं गोविंद मंडल के सिर में भी गंभीर चोटें आईं। घटना के दौरान प्रदीप विश्वास और देव विश्वास ने बीच-बचाव कर किसी तरह विवाद को शांत कराया। दोनों घायलों को तत्काल सिविल अस्पताल पखांजुर ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया।*

## कंकालिनपारा के शनि मंदिर की दान पेटी को चोर उठाकर ले गए, पानी टंकी के पास छोड़ा

# बड़े शीतला मंदिर में सेंधमारी, मुकुट-छत्र एवं दानपेटी की नकदी पार, चोर हैं फरार

*कांकेर शहर के सबसे संवेदनशील और सुरक्षित माने जाने वाले इलाके में स्थित बड़े शीतला मंदिर में बीती रात हुई चोरी की वारदात ने पूरे शहर को झकझोर दिया है। अज्ञात चोर मंदिर का ताला तोड़कर माता का मुकुट, छत्र और दानपेटी में रखी नगदी लेकर फरार हो गए। घटना ने न केवल धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचाई है, बल्कि शहर की सुरक्षा व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कांकेर शहर के कलेक्ट्रेट मार्ग स्थित प्राचीन एवं श्रद्धालुओं की आस्था के प्रमुख केंद्र बड़े शीतला मंदिर में बुधवार और गुरूवार की दरम्यानी रात अज्ञात चोरों ने चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया। चोर मंदिर का मुख्य ताला तोड़कर भीतर प्रवेश कर गए और माता शीतला की प्रतिमा पर विराजमान मुकुट, छत्र तथा दानपेटी में रखी नगदी लेकर फरार हो गए। वारदात का पता गुरूवार 9 जुलाई की सुबह उस समय चला, जब पुजारी और श्रद्धालु नियमित पूजा-अर्चना के लिए मंदिर पहुंचे।

मंदिर का टूटा हुआ ताला और बिखरा सामान देखकर तत्काल पुलिस को जानकारी दिया। घटना की जानकारी मिलते ही कांकेर पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मंदिर परिसर को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। यह घटना इसलिए भी अधिक गंभीर मानी जा रही है क्योंकि जिस स्थान पर चोरी हुई है, वहां से पुलिस अधीक्षक ▶▶| शेष पेज 12 पर

## न पुलिस का खौफ, न कानून का डर, मुख्य मार्ग के मंदिर में बेखौफ घुसे चोर

### सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

### डॉग स्क्वॉड और एफएसएल ने साक्ष्य किए एकत्र

*मामले की गंभीरता को देखते हुए डॉग स्क्वॉड और एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी) की टीम को भी बुलाया गया। विशेषज्ञों ने घटनास्थल से विभिन्न साक्ष्य जुटाए और फिंगरप्रिंट सहित अन्य तकनीकी साक्ष्यों का परीक्षण किया। पुलिस ने आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगालनी शुरू कर दी है, ताकि चोरों की पहचान कर जल्द से जल्द उन्हें गिरफ्तार किया जा सके।*



स्क्वॉड व एफएसएल टीम ने शुरू की जांच



धार्मिक स्थलों पर चोरी की घटनाएं समाज की आस्था पर सीधा आघात

### मामले का जल्द करें खुलासा

*कांकेर थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार साहू ने कहा कि घटनास्थल से मिले तकनीकी साक्ष्यों और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होने दावा किया है कि मामले का जल्द खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा, वहीं शहरवासियों की निगाहें अब पुलिस की कार्रवाई पर टिकी हैं कि आखिर आस्था पर चोट पहुंचाने वाले इन चोरों तक पुलिस कब पहुंच पाती है।*

### शनि मंदिर में भी चोरी का प्रयास

*शहर के कंकालिनपारा स्थित शनि मंदिर में अज्ञात चोरों ने चोरी का प्रयास किया। बताया जा रहा है कि देर रात मंदिर का ताला तोड़कर वहाँ की दान पेटी को लेकर चोर भाग और मंदिर के पास ही पानी की टंकी के पास मंदिर की दान पेटी मिली। चोरी में हुई नगदी चोरी व अन्य की जानकारी का खुलासा अभी तक पुलिस के पास नहीं आ पाया है।*

### धार्मिक स्थलों की सुरक्षा के बढ़ाए जाएं इंतजाम

*श्रद्धालुओं ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि मंदिरों और अन्य धार्मिक स्थलों की सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किए जाएं। साथ ही शहर में रात्रिकालीन गश्त को और अधिक प्रभावी बनाया जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। उनका कहना है कि धार्मिक स्थलों पर सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाने और नियमित निगरानी की भी आवश्यकता है।*

## 55 एकड़ जमीन ली पर कलगांल में विकास अधूरे

बीएसपी ने टाउनशिप बनाने के लिए जमीन का किया था अधिग्रहण




कलगाँव को खदान प्रभावित क्षेत्र घोषित करने की मांग तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंतागढ़

रावघाट खदान परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण के वर्षों बाद भी विकास का इंतजार कर रहे ग्राम पंचायत कलगाँव के ग्रामीणों का धैर्य अब जवाब देने लगा है। सरपंच प्रमिला नाग ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर ग्राम को खदान प्रभावित क्षेत्र में शामिल करने, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग उठाई है।

अंतागढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत कलगाँव की सरपंच प्रमिला नाग ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर ग्राम पंचायत को रावघाट खदान प्रभावित क्षेत्र में शामिल किए जाने की मांग करते हुए बताया कि ग्राम के लोगों ने विकास की उम्मीद में अपनी जमीन दी, लेकिन आज तक उन्हें अपेक्षित सुविधाएं और अधिकार नहीं मिल सके हैं। सरपंच ने बताया कि वर्ष 2016-17 में भिलाई स्टील प्लांट द्वारा टाउनशिप निर्माण के लिए ग्राम कलगाँव की लगभग 55 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया गया था। उस समय ग्रामीणों को भरोसा दिलाया गया था कि ग्राम को रावघाट खदान प्रभावित क्षेत्र का दर्जा देकर शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और अन्य विकास योजनाओं का लाभ प्राथमिकता से उपलब्ध कराया जाएगा, लेकिन वर्षों बीत जाने के बाद भी यह आश्वासन केवल कागजों तक ही सीमित रह गया। उन्होंने आरोप लगाया कि भूमि अधिग्रहण के बावजूद स्थानीय युवाओं को रोजगार नहीं मिला। बच्चों के लिए बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराने का वादा भी पूरा नहीं हुआ। वहीं, ग्राम पंचायत को जिला खनिज न्यास सहित अन्य विकास योजनाओं का समुचित ▶▶| शेष पेज 12 पर

## गुटखा खाने और बीड़ी पीने से मना करने पर युवक पर डंडे से हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

शहर के बरदेभाठा क्षेत्र में गुटखा और बीड़ी पीने से मना करना एक युवक को भारी पड़ गया। इस मामले में पीड़ित ने तीन लोगों पर गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस थाना कांकेर में शिकायत दर्ज कराई है। घरेलू विवाद ने हिंसक रूप ले लिया और मामला थाने तक पहुँच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बरदेभाठा निवासी 32 वर्षीय मनमीत सिंह पिता बलबीर सिंह ने थाना कांकेर पहुंचकर लिखित में शिकायत दिया कि 7 जुलाई की सुबह करीब साढ़े 9 बजे अपना काम समाप्त कर घर पहुंचा। उस दौरान उसके साथ रहने वाले अनिवर कुजूर तथा अंजना कुजूर घर के भीतर गुटखा, सिगरेट और बीड़ी का सेवन कर रहे थे। मनमीत सिंह ने उन्हें ऐसा करने से मना किया। शिकायत के अनुसार समझाइश देने पर तीनों आरोपी भड़क गए और कथित तौर पर अश्लील गाली-गलौज करने लगे। आरोप है कि अनिवर कुजूर ने पहले उसके साथ मारपीट शुरू की, जिसके बाद ▶▶| शेष पेज 12 पर



## दो शराब कोचिए पुलिस गिरफ्त में

**कांकेर।** हल्बा चौकी पुलिस और कोरर थाना पुलिस ने 8 जुलाई को छापामार कार्यवही करते हुए दो शराब कोचिए को धर दबोचा और उनके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार हाराडुला निवासी बिहारी लाल यादव पिता चंदूलाल यादव अपने कब्जे में 24 नग देशी प्लेन शराब कीमत 1 हजार 920 रूपएं और 9 बीयर कीमत 1 हजार 800 रूपएं कुल 3 हजार 720 रूपएं के शराब को जप्त किया। वही कोरर पुलिस ने बयानार निवासी 40 वर्षीय सुदर्शन खरगे पिता कुंवर सिंग के कब्जे से 7 लीटर महुआ शराब कीमत 700 रूपएं और नगद 150 रूपएं को जप्त किया। पुलिस ने दोनो आरोपी के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## डीएपी-राकड़ खाद संकट पर किसान संघ ने दी आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

खरीफ सीजन के बीच दुर्गूकोंदल क्षेत्र के किसान डीएपी एवं राकड़ खाद की कमी से गंभीर संकट का सामना कर रहे हैं। आदिम जाति सेवा सहकारी समिति दुर्गुकोंदल में पिछले लगभग एक माह से डीएपी एवं राकड़ खाद उपलब्ध नहीं होने के कारण किसानों में भारी नाराजगी व्याप्त है। इसी समस्या को लेकर किसान संघ दुर्गूकोंदल के नेतृत्व में बड़ी संख्या में किसानों ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर तत्काल खाद उपलब्ध कराने की मांग की।

किसानों का कहना है कि खरीफ फसलों की बुवाई का सबसे महत्वपूर्ण समय चल रहा है। धान सहित अन्य फसलों की खेती के लिए डीएपी एवं राकड़ खाद की आवश्यकता सबसे अधिक है, लेकिन खाद की अनुपलब्धता के कारण किसान प्रतिदिन लेम्प्स के चक्कर लगाने को विवश हैं। समय पर खाद नहीं मिलने से खेती का कार्य प्रभावित हो रहा है और किसानों की चिंता लगातार बढ़ती जा रही है। ज्ञापन के माध्यम से किसान संघ ने आरोप लगाया कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा किसानों के हित में किए गए दावे धरातल पर दिखाई नहीं दे रहे हैं। किसानों ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा धान की खरीदी 3100 रूपएं प्रति क्विंटल करने की गारंटी तथा किसानों को समय पर रासायनिक खाद उपलब्ध कराने के दावे किए गए थे, लेकिन वर्तमान स्थिति में किसान खाद के लिए भटकने को मजबूर हैं। किसान संघ ने आरोप लगाया कि किसानों को समय पर डीएपी एवं राकड़ खाद उपलब्ध नहीं कराना इन दावों पर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। साथ ही राज्य सरकार से भी किसानों की समस्याओं का शीघ्र समाधान करने की मांग की गई।



किसान संघ ने प्रशासन को स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि यदि अगले पांच दिनों के भीतर दुर्गुकोंदल लेम्प्स में डीएपी एवं राकड़ खाद की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित नहीं की गई, तो क्षेत्र के किसान व्यापक एवं लोकतांत्रिक आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। इसकी समस्त जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। किसानों ने प्रशासन से मांग की कि खरीफ सीजन की आवश्यकता को देखते हुए तत्काल पर्याप्त ▶▶| शेष पेज 12 पर

## यातायात, स्वच्छता सुरक्षा की समस्या के स्थायी समाधान की उम्मीद

# अंतागढ़ को चाहिए आधुनिक चौपाटी, सड़क किनारे ठेलों से सौंदर्य व व्यवस्था बिगड़ रही

*शाम ढलते ही अंतागढ़ नगर की सड़कें फास्ट फूड ठेलों और ग्राहकों की भीड़ से गुलजार हो जाती हैं, लेकिन इसी रौनक के साथ बढ़ती है ट्रैफिक अव्यवस्था, धूल-धक्कड़ और दुर्घटनाओं का खतरा। अब नगरवासियों ने इस समस्या का स्थायी समाधान सुझाते हुए नगर में एक आधुनिक और सुव्यवस्थित चौपाटी विकसित करने की मांग उठाई है। उनका मानना है कि इससे न केवल यातायात व्यवस्था सुधरेगी, बल्कि छोटे व्यापारियों को भी सुरक्षित और व्यवस्थित कारोबार का बेहतर अवसर मिलेगा।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंतागढ़

अंतागढ़ नगर में सड़क किनारे संचालित हो रहे फास्ट फूड ठेलों और गुमटियों से बढ़ती अव्यवस्था को लेकर अब नगरवासियों ने स्थायी समाधान की मांग तेज कर दी है। नागरिकों का कहना है कि नगर के प्रमुख चौक-चौराहों और मुख्य मार्गों पर शाम होते ही बड़ी संख्या में ठेले और फास्ट फूड की दुकानें सज जाती हैं। इन दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ और अनियोजित वाहन पार्किंग के कारण यातायात प्रभावित होता है, जिससे आम लोगों को रोजाना परेशानी का सामना करना पड़ता है। स

थानीय लोगों के अनुसार सड़क किनारे खुले वातावरण में खाद्य सामग्री की बिक्री होने से तेज रफ्तार वाहनों के कारण उड़ने वाली धूल सीधे खाने-पीने की वस्तुओं पर जम जाती है। इससे खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता प्रभावित होने के साथ-साथ लोगों के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल असर पड़ने की आशंका बनी रहती है। नगरवासियों का मानना है कि यदि यह योजना साकार होती है तो अंतागढ़ को एक नया सामाजिक और व्यावसायिक केंद्र मिलेगा। इससे नगर की सुंदरता बढ़ेगी, यातायात व्यवस्था में सुधार होगा, दुर्घटनाओं की आशंका कम होगी और स्थानीय व्यापार को भी नई पहचान मिलेगी। लोगों ने नगर पंचायत एवं जनप्रतिनिधियों से जनहित में इस प्रस्ताव पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने की अपील की है।

### धूल में परोसा जा रहा स्वाद इसलिए चाहिए चौपाटी



नागरिकों ने हाई स्कूल रोड पर चौपाटी विकसित करने की उठाई मांग

### दुर्घटना की रहती है आशंका

*समस्या का एक और गंभीर पहलू यह है कि शाम के समय हाई स्कूल, कॉलेज और अन्य शिक्षण संस्थानों की छुट्टी होने के बाद बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं तथा आसपास के ग्रामीण इन ठेलों पर पहुंचते हैं। इस दौरान मुख्य सड़क पर अत्यधिक भीड़ लग जाती है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। कई बार वाहनों की लंबी कतारें भी देखने को मिलती हैं।*

### वार्ड 6 में बनाने की माँग

*नगरवासियों ने वार्ड क्रमांक 06 स्थित हाई स्कूल रोड पर सांई मंदिर के सामने प्रस्तावित स्थल पर आधुनिक चौपाटी विकसित करने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि नगर पंचायत और जनप्रतिनिधि इस दिशा में गंभीर पहल करें तो सभी फास्ट फूड विक्रेताओं और ठेला संचालकों को एक ही स्थान पर व्यवस्थित रूप से व्यवसाय करने का अवसर मिल सकता है। इससे मुख्य मार्गों पर लगने वाली भीड़ कम होगी और यातायात व्यवस्था भी सुचारु हो सकेगी।*

## एक पेड़ माँ के नाम अभियान में नवोदय विद्यालय बना हरियाली का संदेशवाहक




हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

पर्यावरण संरक्षण को जन-आंदोलन का स्वरूप देने के उद्देश्य से पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय करप में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत उत्साहपूर्ण वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यार्थियों ने पौधे लगाने के साथ उनकी देखभाल का भी संकल्प लिया और हरित भविष्य के निर्माण का संदेश दिया। पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय करप में मंगलवार को एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन उत्साह और जनभागीदारी के साथ किया गया। विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार बिसेन के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स, स्काउट-गाइड के छात्र-छात्राओं, इको क्लब के सदस्यों तथा विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम की शुरुआत पर्यावरण संरक्षण और प्रकृति संवर्धन ▶▶| शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप



### दिव्यांगों को मिले छड़ी और वाकर

**कांकेर।** शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराने का अभियान जारी है। विभागीय टीम ने अष्टावक्र वेलफेयर सोसाइटी दिव्यांग आवासीय केंद्र का निरीक्षण कर बच्चों के स्वास्थ्य, मेडिकल प्रमाण-पत्र एवं यूडीआईडी कार्ड की समीक्षा की। आवश्यकता अनुसार सरपंच के हाथों दिव्यांग छात्र-छात्राओं को छड़ी, व्हीलचेयर और वॉकर वितरित किए गए। ग्राम मांदरी निवासी वृद्ध दिव्यांग फगनू मंडावी को भी विभागीय प्रक्रिया पूर्ण होने पर व्हीलचेयर प्रदान की गई।

### जैविक खेती के लिए सोनूराम बने मिसाल

**कांकेर।** आमाबेड़ा तहसील के ग्राम चिचगांव निवासी एमए शिक्षित किसान सोनूराम ध्रुव ने 10 एकड़ भूमि पर जैविक एवं समन्वित खेती अपनाकर सफलता की नई मिसाल पेश की है। वर्ष 2015 से जैविक खेती कर रहे ध्रुव चिन्नौर धान, ब्लैक राइस, काली मिर्च, गेहूं, रागी, काली हल्दी सहित विभिन्न फसलें उगा रहे हैं। राष्ट्रीय जैविक उत्पादन कार्यक्रम एनपीओपी के प्रमाणित किसान ध्रुव को खेती से सालाना 8 लाख रुपये से अधिक की आय हो रही है। वे क्षेत्र के किसानों को भी जैविक खेती अपनाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।



### जहर खाने से युवक की की मौत, कारण अज्ञात

**कांकेर।** ताड़ोकी थानांतर्गत पत्ताकालबेड़ा निवासी 23 वर्षीय सुनील कुमार कुरेटी पिता अंकालू राम ने जहर खाकर अपनी जा दे दी। जिला अस्पताल से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक ने जहर खा लिया था। इलाज के लिए अस्पताल लाया गया लेकिन उसका 25 जून को मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### मरदापोटी में आज शाला प्रवेशोत्सव

**कांकेर।** शैक्षणिक सत्र 2026-27 के अंतर्गत आज 10 जुलाई को सुबह 11 बजे माध्यमिक शाला मरदापोटी के प्रांगण में विकासखण्ड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव मनाया जाएगा आयोजन किया जाएगा। इस उत्सव के मुख्य अतिथि कांकेर विधानसभा क्षेत्र के विधायक आशाराम नेताम होंगे। इसके अलावा अन्य अतिथि भी उपस्थित रहेंगे।

## खबर संक्षेप



### एनएच- 10 में अज्ञात कार की टक्कर से युवक घायल

**फरसगांव।** नेशनल हाईवे-30 पर मस्सू कोकोड़ा के पास मंगलवार रात करीब 8. 30 बजे एक अज्ञात कार ने युवक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस की सहायता से घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरसगांव पहुंचाया गया, जहां उसका उपचार जारी है। फिलहाल घायल युवक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस अज्ञात वाहन एवं उसके चालक की तलाश करते हुए मामले की जांच में जुटी है।

### जिले में पेट्रोल–डीजल की पर्याप्त उपलब्धता

**कोण्डागांव।** जिले में पेट्रोल–डीजल की उपलब्धता को लेकर जिला प्रशासन लगातार निगरानी बनाए हुए है। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि ऑयल कंपनियों के साथ निरंतर समन्वय कर जिले के सभी 38 पेट्रोल पंपों पर पर्याप्त मात्र में पेट्रोल और डीजल उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे उपभोक्ताओं एवं किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो रही है। प्रशासन के अनुसार जिले के सभी पेट्रोल पंपों पर ईंधन की नियमित आपूर्ति हो रही है। उपभोक्ता एवं कृषक अपनी आवश्यकता के अनुसार आसानी से पेट्रोल–डीजल प्राप्त कर रहे हैं और किसी प्रकार की कमी की स्थिति नहीं है। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक खबरों पर ध्यान न दें।

### छात्राओं को बांटी सायकिल रोज स्कूल आने की दी प्रेरणा



**भानुप्रतापपुर।** पीएम श्री विद्यालय भानुप्रतापपुर में सरस्वती साइकिल वितरण योजना के अंतर्गत पात्र बालिकाओं को साइकिलों का वितरण गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना तथा विद्यालय तक उनकी सुगम पहुँच सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में अध्यक्ष नगर पंचायत भानुप्रतापपुर निखिल सिंह राठौर उपस्थित रहे। संस्था के प्राचार्य पीआर भारद्वाज ने सभी अतिथियों का आत्मीय स्वागत करते हुए विद्यालय परिवार की ओर से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सरस्वती साइकिल वितरण योजना बालिकाओं के शैक्षिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिससे छात्राओं की विद्यालय में नियमित उपस्थिति बढ़ेगी तथा वे आत्मविश्वास के साथ अपनी शिक्षा जारी रख सकेंगी। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथियों ने शासन की इस जनकल्याणकारी योजना की सराहना करते हुए कहा कि बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए इस प्रकार की योजनाएँ समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। विद्यालय परिवार ने सभी अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहयोग देने वाले सभी शिक्षकों, कर्मचारियों एवं अभिभावकों का भी आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में अध्यक्ष शाला विकास एवं प्रबंधन समिति नरोत्तम सिंह चौहान, रजिंदर रंधावा, सुमित्रा साहू, अशोक सोलंकी, नरेंद्र शर्मा उपस्थित रहें। सभी अतिथियों ने पात्र छात्राओं को साइकिलें वितरित कर उन्हें नियमित रूप से विद्यालय आने, शिक्षा प्राप्त करने तथा अपने उज्ज्वल भविष्य के लिए निरंतर प्रयासरत रहने के लिए प्रेरित किया।

# दीदी के गोठ के विशेष प्रसारण में महिलाओं ने साझा किया आत्मनिर्भर बनने का अनुभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) द्वारा संचालित मासिक रेडियो कार्यक्रम दीदी के गोठ के 12वें विशेष प्रसारण का आयोजन जिला पंचायत के सभा कक्ष में किया गया। जिले के विभिन्न विकासखंडों से आई बिहान से जुड़ी स्वसहायता समूहों की महिलाओं एवं लखपति दीदियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बिहान से जुड़कर आर्थिक रूप से सशक्त व आत्मनिर्भर बनकर अपने परिवार की आय में उल्लेखनीय वृद्धि के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

इस अवसर पर सांसद ने समूह की महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी पहल है, जिसके माध्यम से ग्रामीण महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं। विभिन्न आजीविका गतिविधियों से जुड़कर बड़ी संख्या में महिलाएं लखपति दीदी बन रही हैं, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में निरंतर सुधार हो रहा है। सुदूर अंचलों के गांवों में भी महिलाएं स्व-सहायता समूहों से जुड़कर अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं। कार्यक्रम में उपस्थित



छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड की अध्यक्ष शालिनी राजपूत, नगरपालिका परिषद अध्यक्ष अरुण कौशिक, जिला पंचायत की उपाध्यक्ष तारा ठाकुर तथा महेश जैन ने भी संबोधित किया।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मंडावी ने जिले में बिहान के माध्यम से संचालित किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले में संचालित 28 क्लस्टरों के माध्यम से महिलाओं को विभिन्न आजीविका गतिविधियों से जोड़कर रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इस दौरान कांकेर उत्पाद समूह द्वारा तैयार की गई वेबसाइट का भी लोकार्पण किया गया और साथ ही कांकेयर ब्रांड की पैकेजिंग यूनिट का शुभारंभ किया। इस यूनिट में स्व-सहायता समूहों द्वारा तैयार उत्पादों की आधुनिक पैकेजिंग कर उन्हें बाजार तक पहुंचाया जाएगा, जिससे उत्पादों को बेहतर पहचान एवं विपणन का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद उपाध्यक्ष उत्तम यादव, पार्षद मीरा सलाम, उकेश्वरी उइके, कुशलानंद गजबल्ला, जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी तथा में स्व-सहायता समूहों की महिलाएं उपस्थित थीं।

## सर्चिंग अभियान के दौरान नक्सली डंप किया बरामद

# प्रेशर आईईडी, देशी हथियार और विस्फोटक सामग्री जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर



नक्सलमुक्त घोषित क्षेत्रों में शांति एवं सुरक्षा बनाए रखने तथा नक्सलियों की गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से नारायणपुर पुलिस एवं सुरक्षा बलों द्वारा लगातार सघन सर्चिंग, एरिया डॉमिनेशन एवं नक्सल विरोधी अभियान संचालित किए जा रहे हैं। संयुक्त अभियान के दौरान नारायणपुर पुलिस एवं 53वीं वाहिनी भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल की संयुक्त टीम ने जंगल क्षेत्र में नक्सलियों द्वारा छिपाकर रखा गया एक डम्प बरामद किया, जिसमें 15 किलोग्राम वजनी प्रेशर कुकर आईईडी सहित भारी मात्रा में देशी हथियार एवं विस्फोटक सामग्री मिली। अभियान के उपरांत संयुक्त दल सुरक्षित रूप से अड़िंगपार कैंप वापस लौट आया। क्षेत्र में नक्सल विरोधी अभियान एवं सघन सर्चिंग लगातार जारी है। विश्वसनीय सूचना के आधार पर पुलिस अधीक्षक रोबिनसन गुड़िया एवं 53वीं वाहिनी आईटीबीपी के कमांडेंट संजय कुमार के मार्गदर्शन तथा द्वितीय कमान संजय भारद्वाज के पर्यवेक्षण में 7 जुलाई को अड़िंगपार कैंप से ग्राम एडसमेटा एवं आसपास के जंगल क्षेत्र में संयुक्त एरिया डॉमिनेशन एवं सर्च अभियान संचालित किया गया। अभियान का नेतृत्व सहायक कमांडेंट आजाद सिंह द्वारा किया गया। संयुक्त टीम में आईटीबीपी के 34 जवान, नारायणपुर पुलिस का एक प्रतिनिधि एवं 5 सदस्यीय बम निरोधक दस्ता शामिल था। सर्चिंग के दौरान जंगल क्षेत्र में नक्सलियों द्वारा छिपाकर रखी गई विस्फोटक सामग्री एवं हथियार बरामद किए गए। मौके पर मिले 15 किलोग्राम वजनी प्रेशर कुकर आईईडी को बम निरोधक दस्ते द्वारा निर्धारित सुरक्षा प्रक्रियाओं का पालन करते हुए नियंत्रित विस्फोट के माध्यम से सुरक्षित रूप से निष्क्रिय किया गया।

- नक्सलमुक्त घोषित क्षेत्रों में शांति एवं सुरक्षा बनाए रखने अभियान जारी

**बरामद सामग्री**

- 15 किलोग्राम वजनी प्रेशर कुकर आईईडी
- स्थानीय स्तर पर निर्मित रॉकेट लॉन्चर – 01 नग
- देशी 51 मिमी मोर्टार राउंड – 16 नग
- देशी 84 मिमी रॉकेट लॉन्चर राउंड – 05 नग
- देशी 40×46 मिमी बैरल ग्रेनेड लॉन्चर राउंड – 10 नग
- 303 राइफल के कारतूस – 08 नग
- सामरिक पाउच – 04 नग

# सुरुगदोह स्कूल की 37 छात्राओं को मिली साइकिल व एसएमसी गठित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

शासकीय हाई स्कूल सुरुगदोह में गुरुवार को विद्यालय प्रबंधन समिति के गठन एवं सरस्वती साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में अभिभावकों, जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति में विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन सर्वसम्मति से किया गया तथा शासन की महत्वाकांक्षी सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत विद्यालय की 37 छात्राओं को साइकिल वितरित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से हीरा सिंह जैन को विद्यालय प्रबंधन समिति का अध्यक्ष तथा मोहन यादव को उपाध्यक्ष चुना गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का उपस्थित जनों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया और विद्यालय के समग्र विकास, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तथा विद्यार्थियों के हित में मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। इसके पश्चात आयोजित सरस्वती साइकिल वितरण कार्यक्रम में कक्षा नवमी की 37 छात्राओं को साइकिलें प्रदान की गईं। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि राज्य शासन की इस योजना का उद्देश्य दूरस्थ क्षेत्रों की छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में सुविधा उपलब्ध कराना, बालिका शिक्षा को बढ़ावा देना तथा विद्यालयों में छात्राओं की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करना है। छात्राओं ने भी साइकिल प्राप्त होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शासन एवं विद्यालय परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रभारी प्राचार्य हीरानंद कोठारी ने नवनिर्वाचित एसएमसी पदाधिकारियों को सर्वांगीण विकास में सक्रिय सहयोग की अपेक्षा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि विद्यालय प्रबंधन समिति शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने, विद्यार्थियों की समस्याओं के समाधान तथा विद्यालय और समुदाय के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

इस अवसर पर पंचराम भंडारी, बिरसुराम गावड़े, कुलदीप बिसेन, गोपीदास साहू, चूड़ामणि कांग्रे, राजेंद्र देवांगन, गन्नूराम कुमेटी, निशा वर्मा, रविंद्र गौर, जितेन ठाकुर, हेमंत कुमार वर्मा, रामप्रसाद कोटिंगला, बंसीराम कोमरा, बुटराम आचला, गोपाल भास्कर, गौतम निषाद, आशीष महवे, रमसाय विश्वकर्मा, किशोर राणा, श्रीमती कविता जैन, कैमिला सोरी, राजकुमारी झरिया, बिंदिया राणा, शशिकला, ईश्वरी मरसकोले, सरिता जैन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, अभिभावक, छात्र-छात्राएं एवं विद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन सभी के सहयोग एवं विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ हुआ।

# बस्तर मुन्ने, 16वें वित्त, पीएम आवास आंबा योजनाओं की हुई विस्तृत समीक्षा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

जनपद पंचायत दुर्गुकोंदल में गुरुवार को अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी की अध्यक्षता में समस्त ग्राम पंचायत सचिवों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य पंचायत स्तर पर संचालित विभिन्न शासकीय योजनाओं की प्रगति का मूल्यांकन करना तथा लंबित कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश देना था।

बैठक में बस्तर मुन्ने कार्यक्रम, 16वें वित्त आयोग के अंतर्गत स्वीकृत विकास कार्य, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) तथा आंगनबाड़ी केंद्रों से संबंधित कार्यों की बिंदुवार समीक्षा की गई। अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी आरडी ठाकुर ने सभी पंचायत सचिवों से योजनावार प्रगति की जानकारी प्राप्त की तथा जिन ग्राम पंचायतों में कार्य अधूरे हैं, उन्हें शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समय पर पात्र हितग्राहियों तक पहुँचना प्राथमिकता है। योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने सभी सचिवों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर लंबित कार्यों को पूरा करने, नियमित मॉनिटरिंग करने तथा योजनाओं के संचालन में पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश दिए।

बैठक में विशेष रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत अपूर्ण आवासों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराने, निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी करने तथा हितग्राहियों से सतत संपर्क बनाए रखने पर जोर दिया गया।

# खाद संकट पर कांग्रेस ने दी होगा उग्र आंदोलन करने की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोयलीबेड़ा



प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार चलाए जा रहे लेंप्स चलो अभियान के तहत ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कोयलीबेड़ा ने किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया गया कि वर्तमान खरीफ सीजन में किसानों को लेंप्स के माध्यम से पर्याप्त मात्रा में डीएपी, यूरिया, पोटाश, बीज एवं अन्य कृषि सामग्री उपलब्ध नहीं हो रही है। साथ ही किसानों को समय पर केसीसी ऋण भी नहीं मिल पा रहा है। अनेक किसान पिछले एक से डेढ़ माह से लेंप्स एवं अंतागढ़ बैंक के लगातार चक्कर काट रहे हैं, लेकिन उन्हें निराश होकर लौटना पड़ रहा है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने कहा कि यदि लेंप्स में समय पर खाद उपलब्ध नहीं है, तो कम से कम किसानों का केसीसी ऋण समय पर जमा होना चाहिए, ताकि किसान बाजार से खाद एवं अन्य आवश्यक कृषि सामग्री खरीद सकें। लेकिन इसमें भी अनावश्यक विलंब किया जा रहा है, जिससे किसानों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश की डबल इंजन सरकार स्वयं को किसान हितैषी बताती है, लेकिन धरातल पर किसानों की स्थिति बिल्कुल विपरीत है। सरकार ने किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी का वादा किया है, तो उसी अनुरूप पर्याप्त मात्रा में खाद, बीज एवं कृषि सामग्री भी उपलब्ध करानी चाहिए, ताकि किसान बिना किसी परेशानी के खेती कर सकें और उत्पादन प्रभावित न हो। कांग्रेस पार्टी कोयलीबेड़ा ने चेतावनी दी कि यदि किसानों की समस्याओं का शीघ्र निराकरण नहीं किया गया, तो ब्लॉक कांग्रेस कमेटी किसानों के साथ मिलकर उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी, जिसकी समस्त जिम्मेदारी संबंधित विभाग एवं शासन-प्रशासन की होगी।

इस अवसर पर रत्तीराम दुग्गा, लच्छूराम गोटा, विनोद उसेंडी, हरिश्चंद्र देहारी, प्रेम उन्द्रे, सुरेसिंह बघेल, हीरालाल सलाम, संदीप आचला, मानिकलाल, लक्ष्मीनाथ, रमेश यादव, संजय दुग्गा, दशरथ नवगो, निखिल पटेल, मनोज सेन, आलोक नाग, किनेश कौशल, आमिर वड्डे, बिदेसिंह उसेंडी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं किसान उपस्थित रहें।

# एसडीएम ने जन्मदिन पर स्कूली बच्चों को कराया न्योता भोज

**केशकाल।** एसडीएम आकांक्षा नायक ने विकासखंड के ग्राम बटराली स्थित प्राथमिक शाला में स्कूली बच्चों के बीच बुधवार को अपना जन्मदिन मनाया और न्योता भोज कराया। जन्मदिन पर उन्होंने बच्चों एवं विद्यालय स्टाफ के साथ केक काटा। सभी विद्यार्थियों के लिए विशेष भोजन कराया। एसडीएम नायक ने बच्चों के साथ जमीन पर बैठकर आत्मीयता और उत्साह से बच्चों के साथ भोजन किया।



*ये रहे उपस्थित: कार्यक्रम में श्रीमती माहेश्वरी हिंडको सरपंच बटराली, खंड शिक्षा अधिकारी के. एस. पोया, राजाराम नेताम प्रधानअध्यापक, गणेश चंद्र देवांगन प्रधानाध्यापक, राजेश कुमार उइके, कुशल बैध, भूपेंद्र साहू, किरण सक्सेना, गोमती नेताम विद्यालय का समस्त स्टाफ सहित एसडीएम के माता पिता समेत परिजन भी उपस्थित रहे।*

- 100 विद्यार्थियों को मध्यान्ह भोजन के लिए दी स्टील की थालियां

बच्चों पुष्पगुच्छ भेंट कर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। एसडीएम आकांक्षा नायक ने अपना जन्मदिन बच्चों के बीच मनाकर एक सकारात्मक संदेश दिया। जन्मदिन के इस अवसर को और भी यादगार बनाते हुए एसडीएम ने विद्यालय के लगभग 100 विद्यार्थियों को मध्यान्ह भोजन के लिए अपनी ओर से स्टील की थालियां भेंट कीं। उनकी इस संवेदनशील पहल की विद्यालय स्टाफ, बच्चों और ग्रामीणों ने सराहना की।

**सर्वसम्बंधित सूचना**

मेसर्स- मीता बाफना, ग्राम कुटेला, तहसील- चारामा, जिला कांकेर (छ.ग.) के खसरा क्रमांक- 38 के रकबा- 2.00 हेक्टर में 39735 टन प्रतिवर्ष उत्खनन हेतु राज्य स्तर पर्यावरण निर्धारण प्राधिकरण (छ.ग.) से पर्यावरण स्वीकृति दिनांक- 12/05/2026 को प्राप्त हो गई हैं। पर्यावरण स्वीकृति पत्र की प्रतियां सचिवालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल में अवलोकन हेतु उपलब्ध हैं, इसका अवलोकन एस. ई. आई. ए. ए. छत्तीसगढ़ के वेबसाइट parivesh.nic.in में किया जा सकता हैं।

प्रेषक
मेसर्स- मीता बाफना

## पेज 11 के शेष

### बड़े शीतला मंदिर में सेंधमारी...

कार्यालय, जिला कलेक्ट्रेट और जिला सत्र न्यायालय की दूरी लगभग 500 मीटर ही है। आमतौर पर इस क्षेत्र को शहर का सबसे सुरक्षित इलाका माना जाता है, जहां पुलिस की लगातार आवाजाही और रात्रिकालीन गश्त रहती है। इसके बावजूद चोरों का इतनी आसानी से मंदिर में सेंध लगाकर फरार हो जाना कई सवाल खड़े कर रहा है। लोगों का कहना है कि धार्मिक स्थलों पर चोरी की घटनाएं समाज की आस्था पर सीधा आघात हैं। चोरी गए मुकुट, छत्र और दानपेटी की नगदी का आंकलन किया जा रहा है।

### दस साल पूर्व कलगांल की 55 एकड़...

लाभ नहीं मिलने से ग्रामीणों में लगातार असंतोष बढ़ रहा है। ज्ञापन में प्रशासन से मांग की गई है कि कलगाँव को तत्काल रावघाट खदान प्रभावित क्षेत्र घोषित कर शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल, रोजगार और अन्य मूलभूत सुविधाएं प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराई जाएं, ताकि ग्रामीणों को उनके अधिकार और विकास का वास्तविक लाभ मिल सके। यदि मांगों पर शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई तो ग्रामवासी लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण आंदोलन का रास्ता अपनाने के लिए बाध्य होंगे।

### गुटखा खाने और बीड़ी पीने से मना...

अंजना कुजूर और उसकी बेटी साक्षी सिन्हा भी मौके पर पहुंचकर मारपीट में शामिल हो गए। पीड़ित का आरोप है कि तीनों ने डंडे से हमला किया, जिससे उसके सिर में चोट आई और नाक से खून निकलने लगा। शिकायतकर्ता ने यह भी आरोप लगाया है कि मारपीट के दौरान आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद पीड़ित ने थाना कांकेर पहुंचकर लिखित आवेदन सौंपा और आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने शिकायतकर्ता के आवेदन पर मारपीट करने वाले तीनों आरोपियों के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।

### किसान संघ ने दी आंदोलन की...

मात्रा में डीएपी एवं राकड़ खाद उपलब्ध कराई जाए, ताकि किसानों की खेती प्रभावित न हो और समय पर बुवाई का कार्य पूरा किया जा सके। ज्ञापन सौंपने के दौरान जनपद सदस्य धनसाय हुर्रा, सर्व आदिवासी समाज युवा प्रभाग दुर्गुकोंदल के अध्यक्ष हरेश रावटे, अभिषेक ठाकुर, धन्नी दर्रो, गोवर्धन यादव, धीरेन्द्र समरथ, देव सिंह आचला, सुनील आंचला, मेहत्तर मंडावी, पंकु उइके, रायसु नेताम सहित क्षेत्र के सैकड़ों किसान उपस्थित रहें।

### एक पेड़ माँ के नाम अभियान में...

के सामूहिक संकल्प के साथ हुई। इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों ने पर्यावरण की रक्षा, हरियाली बढ़ाने तथा अधिक से अधिक पौधे लगाने एवं उनकी देखभाल करने की शपथ ली। इसके बाद विद्यालय परिसर में लगभग 30 फलदार एवं औषधीय पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य अशोक कुमार बिसेन ने कहा कि पेड़-पौधे केवल पर्यावरण संतुलन बनाए रखने का माध्यम नहीं हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ, सुरक्षित और स्वस्थ जीवन देने की अमूल्य धरोहर भी हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से पौधों की नियमित देखभाल करने और पर्यावरण संरक्षण को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि लगाए गए पौधों की देखरेख की जिम्मेदारी भी विद्यार्थियों को सौंपी गई, जिससे उनमें जिम्मेदारी की भावना विकसित हो और वे प्रकृति के संरक्षण में अपनी सक्रिय भूमिका निभा सकें। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक सूरजमल बैरवा, एनसीसी अधिकारी सेकंड ऑफिसर रीतेश भोंसले, स्काउट-गाइड प्रभारी सगाबती भास्कर, इको क्लब प्रभारी रोशनी मिंज, विज्ञान शिक्षक जीतू डोंगरे सहित विद्यालय के अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### टोकन सिस्टम से मिलेगा खाद

**बीजापुर।** किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराने और कालाबाजारी पर रोक लगाने के उद्देश्य से भारत सरकार के उर्वरक एवं रसायन मंत्रालय द्वारा फेमवर्क फॉर फर्टिलाइजर सेल (एफएफएस) के तहत बीजापुर जिले में नई डिजिटल खाद वितरण प्रणाली लागू की गई है। पायलट जिले के रूप में चयनित बीजापुर में यह व्यवस्था 7 जुलाई से शुरू हो गई है। नई व्यवस्था के तहत किसान अब अपने मोबाइल के माध्यम से निकटतम उर्वरक विक्रय केंद्र से आवश्यकतानुसार खाद की बुकिंग कर सकेंगे। बुकिंग के बाद किसानों को एक टोकन (क्यूआर कोड) जारी किया जाएगा, जिसके आधार पर निर्धारित समय में खाद प्राप्त किया जा सकेगा। यह टोकन तीन दिनों तक मान्य रहेगा। निर्धारित अवधि में खाद नहीं लेने पर टोकन स्वतः निरस्त हो जाएगा। इस नई प्रणाली को दो चरणों में लागू किया गया है। पहले चरण में किसान गूगल प्ले स्टोर से फेमवर्क फॉर फर्टिलाइजर सेल एप डाउनलोड कर भूमि एवं फसल संबंधी जानकारी दर्ज करेंगे और निकटतम विक्रय केंद्र का चयन कर टोकन प्राप्त करेंगे।

### नक्सल पीड़ित परिवार के देवा मंडावी को मिली नौकरी

**दंतेवाड़ा।** शासन की छत्तीसगढ़ नक्सलवादी आत्मसमर्पण पीड़ित राहत एवं पुनर्वास नीति-2025 नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के परिवारों के जीवन में नई उम्मीद की किरण लेकर आ रही है। इस नीति के प्रभावी क्रियान्वयन के तहत दंतेवाड़ा जिले के एक नक्सल पीड़ित परिवार के सदस्य को शासकीय सेवा में नियुक्ति प्रदान की गई है। जिला स्तरीय पुनर्वास समिति की अनुशंसा और कलेक्टर, दंतेवाड़ा के पत्र के आधार पर धुरवापारा, अरनपुर विकासखंड कुआकोण्डा के रहने वाले नक्सल पीड़ित परिवार के सदस्य देवा मंडावी पिता स्वर्गीय बुधरा मंडावी को शासकीय सेवा में शामिल किया गया है।

# एएम,एनएस इंडिया की सीएसआर पहल से बस्तर और मलकानगिरी में बदल रही ग्रामीण व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ किरंदुल

आर्सेलर मित्तल निप्पन स्टील इंडिया (एएम/एनएस इंडिया) ने अपनी सामाजिक जिम्मेदारी के तहत दंतेवाड़ा व मलकानगिरी क्षेत्र के दूरस्थ अंचलों में जनकल्याणकारी कार्यों का बड़ा विस्तार किया है। कंपनी ने ग्रामीण क्षेत्रों में

■ 5 गांवों के ग्रामीणों को मिली टेंट व बर्तन सामग्री

स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने के साथ-साथ सामाजिक और सामुदायिक बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाने के लिए महत्वपूर्ण स्तरों पर बड़े कदम उठाए हैं। इस अभियान के पहले चरण में कंपनी ने लेखमपारा-पालनार ग्राम पंचायत में एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया, जिसमें स्वास्थ्य लाभ लेने के लिए कुल 135 ग्रामीणों की संख्या दर्ज की गई। इस शिविर के दौरान अनुभवी डॉक्टरों की टीम द्वारा 115 मरीजों की गहन चिकित्सकीय जांच कर उन्हें निःशुल्क दवाइयां वितरित की गईं, जबकि मौसमी व अन्य बीमारियों के सटीक निदान के लिए कुल 90 ग्रामीणों के ब्लड प्रेशर, शुगर और मलेरिया के जरूरी पैथोलॉजिकल टेस्ट किए गए। इस स्वास्थ्य शिविर को सुचारू रूप से संपन्न कराने में स्थानीय ग्राम पंचायत के सरपंच, कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर और मितानिनों ने सक्रिय भूमिका निभाते हुए अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

इसी कड़ी में आगे बढ़ते हुए कम्पनी ने पाइप लाइन मार्ग से जुड़े सुकमा जिले की पुसपल्ली ग्राम पंचायत के अंतर्गत आने वाले दो गांवों, दरभा और मंगीपाल के नागरिकों की मांग को पूरा किया। कंपनी ने इन गांवों के विकास के लिए सामुदायिक रसोई के बर्तन और टेंट सामग्री उपलब्ध कराई है, जिससे दोनों गांवों के लगभग 950 ग्रामीणों को सीधा लाभ मिलेगा। यह साझा बुनियादी ढांचा स्थानीय निवासियों को अपने पारंपरिक सामाजिक समारोह, सांस्कृतिक गतिविधियों और सामूहिक बैठकों के आयोजन में आत्मनिर्भर बनाएगा और उन्हें महंगे किराए से मुक्ति दिलाएगा।

सुकमा सेक्शन की तर्ज पर ही कंपनी ने मलकानगिरी सेक्शन के ग्रामीण क्षेत्रों में भी इसी प्रकार की सहायता का विस्तार किया है। इस अभियान के तहत मलकानगिरी के तीन प्रमुख गांव, आरएससी-16, एमवी 13 और एमपीवी 1 को जोड़कर वहां के नागरिकों को भी बड़े स्तर पर सामुदायिक टेंट और रसोई के बर्तन प्रदान किए गए हैं, जिससे क्षेत्र के लगभग 1500 ग्रामीण सीधे तौर पर लाभान्वित होंगे।

## स्वास्थ्य शिविर से 135 लोग हुए लाभान्वित



### नागरिकों की जीवन स्तर को सुधारने हमेशा तत्पर

इस व्यापक जनकल्याणकारी पहल पर प्रतिक्रिया देते हुए एएम/एनएस इंडिया प्रबंधन ने अपनी प्रतिबद्धता दोहराई कि कंपनी अपने परिचालन और पाइपलाइन क्षेत्रों से जुड़े दूरस्थ गांवों में रहने वाले नागरिकों के जीवन स्तर को सुधारने और उनके सामाजिक विकास के लिए हमेशा तत्पर रहेगी।

## रिमझिम बारिश में भी धनगोल स्कूल के बच्चों ने पेश की मिसाल

# आंगनबाड़ी केंद्र में संचालित हो रही शाला

**कम सुविधाओं के बाद भी प्राथमिक शाला धनगोल में 90 प्रतिशत से ज्यादा उपस्थिति**

हरिभूमि न्यूज : मददेड

एक ओर जहां रिमझिम बरसते मौसम के बीच अंदरूनी ग्रामीण क्षेत्रों के शिक्षक और बच्चे शिक्षा के प्रति अपनी अद्भुत लगन और समर्पण का परिचय दे रहे हैं, वहीं दूसरी ओर सभी सुविधाओं से युक्त नेशनल हाईवे से लगे स्कूलों में विद्यार्थियों की कम उपस्थिति अब एक बड़ा चिंता का विषय बन गई है।

■ नेशनल हाईवे से लगे स्कूलों की स्थिति चिंताजनक

बीजापुर जिले के भोपालपटनम विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत अंगमपल्ली के धनगोल संकुल केंद्र पेगड़ापल्ली के आंगनबाड़ी केंद्र के भवन में संचालित प्राथमिक शाला इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। वर्तमान में यह स्कूल धनगोल के स्थानीय आंगनबाड़ी केंद्र के भवन में संचालित हो रहा है। संसाधनों की भारी कमी के बावजूद यहां बच्चे नियमित रूप से पढ़ाई करने पहुंच रहे हैं।

धनगोल के आंगनबाड़ी केंद्र में संचालित शाला में दर्ज कुल 28 विद्यार्थियों में से 25 बच्चे उपस्थित पाए गए, जो पूरे उत्साह के साथ शिक्षिका बच्चों के पढ़ाई के मार्गदर्शन में जुटे थे। संसाधन के अभाव के साथ ही शाला में मध्यान्ह भोजन का संचालन भी सुचारू रूप से होता मिला। ग्रामीण अंचल के इन स्कूलों में भले ही शहरी क्षेत्रों जैसी चमक-दमक या पक्की सुविधाएं न हों, लेकिन बच्चों और शिक्षकों की यह प्रतिबद्धता हर किसी के लिए प्रेरणादायक है।







### प्रशासन के लिए चिंतन का विषय

अंदरूनी क्षेत्रों की यह तस्वीर यह संदेश देती है कि अगर सीखने और सिखाने की इच्छा मजबूत हो, तो कोई भी परिस्थिति बाधा नहीं बन सकती। लेकिन इसके ठीक उलट, नेशनल हाईवे से लगे सुगम रास्तों वाले स्कूलों में बच्चों की कम उपस्थिति ने शिक्षा विभाग और स्थानीय प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय नागरिकों का मानना है कि शासन और प्रशासन को क्षेत्र की भौगोलिक और जलवायु परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए शिक्षा व्यवस्था की नए सिरे से समीक्षा करनी चाहिए ताकि हर बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रभावी रूप से पहुंच सके और सुगम क्षेत्रों के स्कूलों में भी उपस्थिति सुधारी जा सके।

### पालकों का मिल रहा है भरपूर सहयोग

इस संबंध में मीडिया से चर्चा करते हुए प्राथमिक शाला धनगोल की शिक्षिका सपना अड़पा ने बताया कि शाला में वर्तमान में 28 छात्र-छात्राएं दर्ज हैं और नए दाखिले की प्रक्रिया भी लगातार जारी है।

गांव के ग्रामीण और बच्चों के माता-पिता लगातार अपनों बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। यही वजह है कि क्षेत्र में हो रही रिमझिम बारिश के बावजूद बच्चों की उपस्थिति शानदार बनी हुई है। हमारा प्रयास है कि इस उपस्थिति को शत-प्रतिशत तक ले जाया जाए।

# बकावंड बीईओ ने किया कई स्कूलों का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

विकासखंड बकावंड में शैक्षणिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने और शासन की योजनाओं के जमीनी क्रियान्वयन का जायजा लेने के लिए विकासखंड शिक्षा अधिकारी चन्द्रशेखर यादव ने विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं का सघन निरीक्षण किया गया। भ्रमण के दौरान उन्होंने संकुल केंद्र ईरिकपाल और संकुल केंद्र टलनार के अंतर्गत आने वाले सभी प्राथमिक, माध्यमिक और हाई स्कूलों का औचक निरीक्षण किया।

■ अनुपस्थित शिक्षक को कारण बताओ नोटिस जारी कर निलंबन का भेजा प्रस्ताव

निरीक्षण के दौरान ईरिकपाल संकुल के अंतर्गत मिडिल स्कूल धोबीगुड़ा, हाई स्कूल इरिकपाल, प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला इरिकपाल, प्राथमिक शाला मालगांव, प्राथमिक व माध्यमिक शाला कुरुषपाल का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान सभी शालाओं में पाठ्य पुस्तक वितरण, निशुल्क गणवेश वितरण आदि की प्रगति का बारीकी से अवलोकन किया गया। शैक्षणिक स्तर तथा मध्यान्ह भोजन कई गुणवत्ता संतोषजनक पाया गया। डीएवी स्कूल उलनार और हाई स्कूल उलनार की व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। खंड शिक्षा अधिकारी ने सभी शिक्षकों को समय पर शाला आगमन और प्रस्थान सुनिश्चित करने की सख्त हिदायत दी। साथ ही, प्रतिदिन शासन द्वारा निर्धारित विएसके एप में अनिवार्य रूप से अपनी उपस्थिति दर्ज करने के निर्देश दिए।




### लापरवाही पर सख्त कार्रवाई

निरीक्षण के दौरान प्राथमिक शाला और माध्यमिक शाला टलनार में पदस्थ शिक्षक थुनराम बघेल 16 जून से लगातार आज पर्यंत तक शाला से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित पाए गए। कर्तव्य के प्रति इस घोर लापरवाही को देखते हुए बीईओ ने अनुपस्थित शिक्षक थुनराम बघेल को शो-कॉज नोटिस जारी किया गया है। साथ ही उनके खिलाफ निलंबन का प्रस्ताव तैयार कर जिला कार्यालय को भेजा गया।

# कलेक्टर ने परखी शिक्षा की गुणवत्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दंतेवाड़ा

आज कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने ब्लॉक कटेकल्याण के अंतिम छोर पर स्थित ग्राम मारजूम, चिकपाल एवं परचेली के शासकीय प्राथमिक शालाओं का निरीक्षण कर शैक्षणिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कक्षाओं में पहुंचकर बच्चों से आत्मीय संवाद किया और उनका नाम, कक्षा तथा पढ़ाई के संबंध में जानकारी ली।

■ शैक्षणिक व्यवस्थाओं, लर्निंग आउटकम को सत्र की शुरूआत



इस क्रम में सर्वप्रथम ग्राम मारजूम के स्कूलपारा प्राथमिक शाला में निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कक्षा पांचवी के एक छात्र से पहाड़ा सुनाने के लिए कहा। छात्र ने बिना देखे 9 का पहाड़ा पूरी तरह सही ढंग से सुनाकर कलेक्टर को प्रभावित किया। बच्चों का आत्मविश्वास देखकर कलेक्टर ने उनकी सराहना की तथा शिक्षकों को निर्देशित किया कि वे विद्यार्थियों की झिझक दूर करने पर विशेष ध्यान दें, ताकि बच्चे बिना संकोच अपनी बात रख सकें और कक्षा गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लें। इस दौरान कलेक्टर ने विद्यालयों में दर्ज छात्र संख्या, विद्यार्थियों के जाति प्रमाण पत्र की उपलब्धता, गणवेश वितरण, पाठ्यपुस्तकों के वितरण तथा लर्निंग आउटकम की भी विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने शिक्षकों से बच्चों की नियमित उपस्थिति, सीखने की प्रगति और शिक्षण पद्धति के संबंध में चर्चा करते हुए गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस क्रम में कलेक्टर ने ग्राम चिकपाल और परचेली के प्राथमिक शालाओ में पहुंचकर बच्चों के नियमित रूप से होने वाले स्वास्थ्य संबंधी चेकअप पर फोकस करते हुए जानना चाहा कि विद्यार्थियों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, प्रत्येक प्राथमिक शालाओं में सुनिश्चित होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों और शिक्षकों को निर्देश दिए कि शिक्षा के साथ-साथ बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण एवं सर्वांगीण विकास पर भी समान रूप से ध्यान दिया जाए। कलेक्टर ने कहा कि जिले के दूरस्थ और अंतिम छोर तक स्थित विद्यालयों में भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। प्रत्येक बच्चे को बेहतर शिक्षण वातावरण, आवश्यक संसाधन तथा आत्मविश्वास के साथ सीखने का अवसर मिलना चाहिए, जिससे उनका समग्र विकास सुनिश्चित हो सके। कलेक्टर ने पोटाकेबिन मेडोली का निरीक्षण कर विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने बच्चों को परोसे जा रहे मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता की जांच की तथा स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बच्चों को उबालकर गर्म पानी उपलब्ध कराने, छात्र संख्या के अनुरूप शौचालय एवं बाथरूम की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# विधायक ने किया विकास कार्यों का भूमिपूजन

**भोंड।** बस्तर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत धोबीगुड़ा, ईरिकपाल, मालगांव एवं करीतगांव में बस्तर विधायक एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा के उपनेता प्रतिपक्ष लखेश्वर बघेल ने विधायक निधि से स्वीकृत विभिन्न विकास कार्यों का विधिवत भूमिपूजन किया। इस दौरान ग्रामीणों एवं विद्यालय परिवार ने उनका आत्मीय एवं भव्य स्वागत किया। ग्राम पंचायत धोबीगुड़ा में प्राथमिक शाला के लिए 6 लाख 39 हजार रुपये की लागत से बनने वाली बाउंड्रीवॉल, ईरिकपाल में 3 लाख 20 हजार रुपये की लागत से 100 मीटर सीसी सड़क तथा मालगांव में 4 लाख रुपये की लागत से 100 मीटर सीसी सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। बस्तर विधायक ने स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय करीतगांव पहुंचे, जहां छात्र-छात्राओं ने पारंपरिक तरीके से उनका स्वागत किया। मां सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ तथा विधायक निधि से 5 लाख रुपये की लागत से बनने वाली विद्यालय की बाउंड्रीवॉल का भूमिपूजन किया गया।

# जेडीए ने स्वास्थ्य मंत्री को 17 सूत्रीय मांगों का सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन (जेडीए) छत्तीसगढ़ द्वारा प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री के नाम 17 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों में कार्यरत इंटर्न एवं पीजी रेजिडेंट डॉक्टरों की लंबे समय से लंबित मूलभूत मांगों के शीघ्र निराकरण की मांग की गई।

इस अवसर पर जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार यादव ने कहा कि एसोसिएशन की सभी मांगें पूरी तरह से न्यायोचित एवं मूलभूत हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में जूनियर डॉक्टरों को अन्य राज्यों की तुलना में काफी कम स्टाइपेंड प्राप्त हो रहा है, जिससे उन्हें आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने राज्य सरकार से शीघ्र स्टाइपेंड वृद्धि सहित सभी मांगों पर सकारात्मक निर्णय लेने का आग्रह किया। इस अवसर पर जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन, जीएमसी जगदलपुर के अध्यक्ष डॉ. प्रांजल तिवारी, महासचिव डॉ. ऋतेश सिंह, उपाध्यक्ष डॉ. निखार देवांगन, डॉ. मितेश सिंह, डॉ. मेधा सिंह, डॉ. रितिका सिंह, डॉ. नीलकमल सहित बड़ी संख्या में जूनियर डॉक्टर एवं मेडिकल छात्र उपस्थित रहे।

### मांग नहीं होने पर आंदोलन के लिए होंगे विवश

एसोसिएशन के मुख्य सलाहकार डॉ. ए. प्रशांत ने सरकार का ध्यान इस ओर आकर्षित करते हुए कहा कि यह मांगें कई वर्षों से लंबित हैं और जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन लगातार लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण तरीके से इनके समाधान के लिए प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार द्वारा शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो प्रदेश के जूनियर डॉक्टर आंदोलन एवं हड़ताल जैसे लोकतांत्रिक कदम उठाने के लिए विवश होंगे, जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

**सर्वसम्बंधित सूचना**

मेसर्स- यश बाफना, ग्राम- खैरखेरा, तहसील - चारामा, जिला कांकेर (छ.ग.) के खसरा क्रमांक- 362 के रकबा- 2.10 हेक्टर में 41729 टन प्रतिवर्ष उत्खनन हेतु राज्य स्तर पर्यावरण निर्धारण प्राधिकरण (छ.ग.) से पर्यावरण स्वीकृति दिनांक- 13/05/2026 को प्राप्त हो गई हैं । पर्यावरण स्वीकृति पत्र की प्रतियां सचिवालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल में अवलोकन हेतु उपलब्ध हैं, इसका अवलोकन एस. ई. आई. ए. ए. छत्तीसगढ़ के वेबसाइट parivesh.nic.in में किया जा सकता हैं ।

प्रेषक
मेसर्स- यश बाफना

# बदल रहा बस्तर, अब भय नहीं विकास की हो रही बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुकमा

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं बीजापुर निवासी जी. वेंकट ने कहा कि बस्तर अब माओवादी हिंसा और भय की पहचान से निकलकर विकास, विश्वास और सुशासन की नई राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में बस्तर के दूरस्थ और आदिवासी अंचलों में अभूतपूर्व परिवर्तन देखने को मिल रहा है। जो क्षेत्र कभी विकास से कोसों दूर थे, वहां अब सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसी मूलभूत सुविधाएं तेजी से पहुंच रही हैं।



प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष जी. वेंकट ने चर्चा में कहा कि बस्तर के बदलते स्वरूप और आदिवासी क्षेत्रों में हो रहे विकास कार्यों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक माओवादी हिंसा के कारण बस्तर का विकास बाधित रहा। गांवों तक प्रशासन की पहुंच सीमित थी और आम लोग भय के साए में जीवन बिताने को मजबूर थे। आज स्थिति पूरी तरह बदल रही है। सरकार की योजनाओं का लाभ सीधे ग्रामीणों तक पहुंच रहा है और लोगों का शासन-प्रशासन पर विश्वास लगातार बढ़ रहा है। जी. वेंकट ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार का उद्देश्य केवल सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करना नहीं, बल्कि प्रत्येक परिवार तक विकास की रोशनी पहुंचाना है। राशन, पेयजल, बिजली, आवास, वनाधिकार, सामाजिक सुरक्षा, शिक्षा और रोजगार जैसी योजनाओं का लाभ अब तेजी से आदिवासी परिवारों तक पहुंच रहा है। इससे उनके जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव आया है।

उन्होंने कहा कि सरकार आदिवासी समाज को केवल योजनाओं का लाभार्थी नहीं, बल्कि विकास का सहभागी मानकर कार्य कर रही है। यही कारण है कि आज बस्तर के युवाओं को शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार के नए अवसर मिल रहे हैं। महिलाओं के स्वयं सहायता समूहों को भी आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं।

### विचारधारा और संगठन के प्रति निष्ठा

चर्चा में जी. वेंकट ने अपने राजनीतिक जीवन का उल्लेख करते हुए कहा कि वे लंबे समय से भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विचारधारा से जुड़े हुए हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार के दौरान कई भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं पर राजनीतिक दबाव बनाए गए और उन्हें पार्टी छोड़ने के लिए विभिन्न प्रकार के प्रलोभन दिए गए। उन्हें भी कांग्रेस में शामिल होने के प्रस्ताव मिले, लेकिन उन्होंने अपनी विचारधारा और संगठन के प्रति निष्ठा बनाए रखी। उन्होंने कहा कि बस्तर अब नई पहचान गढ़ रहा है। जिस क्षेत्र की चर्चा कभी नक्सलवाद और भय के कारण होती थी, वहां अब विकास कार्य, जनकल्याणकारी योजनाएं और आदिवासी समाज की भागीदारी नई उम्मीद जगाने का काम कर रही है। आने वाले वर्षों में बस्तर देश के विकसित और आत्मनिर्भर क्षेत्रों में अपनी अलग पहचान स्थापित करेगा।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत (MBBS/DCH) नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद) मो. 9981321524 / 7223011528

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का लेज़र मशीन / क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मेटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

